# Kimia Biosciences Limited

Regd. Office/Works : Village-Bhondsi, Tehsil-Sohna, Distt. Gurugram (Haryana)
E-mail : compliance.kimia@gmail.com & info@kimiabiosciences.com
Web : www.kimiabiosciences.com | CIN NO. : L24239HR1993PLC032120
Tel. : +91 9654746544, 9654206544

**Ref :** KIMIABL/COMP/BSE/21-22/020

**August 13, 2021**

To
**Department of Corporate Affairs- Listing**
**BSE Limited**
PhirozJeeJeebhoy Towers,
Dalal Street, Fort Mumbai-400001

**Scrip Code:** 530313 [KIMIABL]
**ISIN:** INE285U01025

**Sub: Submission of Newspaper cuttings of Financial Results for the first Quarter ended on June 30, 2021**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith a copy of unaudited Financial Results (Standalone) for the First quarter ended June 30, 2021 as published in ***"Financial Express" (English) and "Haribhoomi" (Hindi) on August 13, 2021***, duly considered and approved by the Board of Directors in its meeting held on Thursday, August 12, 2021 at 3.00 p.m at corporate office of the Company.

Kindly take the above information on your record.

Thanking You,
Yours faithfully,

FOR **KIMIA BIOSCIENCES LIMTED**

KIMIA BIOSCIENCES LTD. NEW DELHI

**Abhishek Kumar Pandey**
Company Secretary & Compliance Officer

Place: New Delhi
Encl: a/a

# शिवराज और कैलाश ने हाथ पकड़कर गाया- 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे...'


भुट्टा पार्टी में एक-दूसरे का हाथ थामकर गीत गाते विजयवर्गीय और चौहान साथ में मौजूद है सारंग।

**प्रदेश के मंत्रियों से की भेंट**

भुट्टा पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सुरेश पचौरी, गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम सहित मप्र सरकार के अनेक मंत्री एवं विधायक, मीडिया पर्सन सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता पहुंचे। इससे पहले विजयवर्गीय ने प्रदेश सरकार के मंत्री कमल पटेल, सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया, संघ के मध्य भारत प्रांत के संघ चालक अशोक पांडेय के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार शाम को सियासी मुद्दों की बजाए फिल्मी गीतों से विधानसभा परिसर गूंज उठा। मौका था भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय की ओर से आयोजित भुट्टा पार्टी का। पार्टी के दौरान संगीत की महफिल भी सजाई गई। जिसमें विजयवर्गीय ने सावन का महीना पवन करे शोर, जियरा ऐसा झूमे जैसे मनवा नाचे मोर की थीम पर गीत सुनाए। इसके बाद उन्होंने माइक से सीएम शिवराज सिंह चौहान को बुलाया और फिर कैलाश- शिवराज ने जुगलबंदी में शोले फिल्म का गीत 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे...' सुनाकर श्रोताओं को मुग्ध किया। पार्टी में भूट्टे के साथ अन्य व्यंजन भी मेहमानों को परोसे गए। अंत में विजयवर्गीय के इस पार्टी की सभी ने प्रशंसा की।

## विस परिसर में कैलाश की भुट्टा पार्टी आयोजन में पहुंचे शिवराज, कमलनाथ, पचौरी सहित वरिष्ठ नेता

**खास बातें**

- गीतों के जरिए विजयवर्गीय ने किया स्रोताओं को मुग्ध
- भुट्टा पार्टी में मंत्री डॉ. मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष गिरीश ने की शिरकत


पार्टी में भूट्टों व अन्य व्यंजनों का लुत्फ लेते चौहान, कैलाश, गौतम और अन्य पदाधिकारी।

### कैलाश का एयरपोर्ट पर स्वागत

भाजपा के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय बुधवार सुबह प्रवास पर भोपाल पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर विजयवर्गीय का पार्टी जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी सहित अन्य नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद विजयवर्गीय ने प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री कमल पटेल एवं सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया के आवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोपहर को विजयवर्गीय के स्वागत में मंत्री कमल पटेल के निवास पर सहभोज का आयोजन भी किया गया।

### मेहमानों को परोसे गए अनेक तरह के पकवान व मिष्ठान्न

बुधवार को विजयवर्गीय संघ के प्रांत संघ चालक अशोक पांडेय के निवास भी पहुंचे। इसके बाद शाम को विधानसभा परिसर में उन्होंने भुट्टा पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व सीएम कमलनाथ, गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मप्र विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, प्रदेश सरकार के अनेक मंत्री, विधायक, वरिष्ठ नेता, पार्टी कार्यकर्ता एवं पत्रकारगण पहुंचे। इस अवसर पर भुट्टा के व्यंजन की थीम पर मेहमानों के लिए अनेक तरह के पकवान एवं मिष्ठान्न परोसे गए।


अभिवादन करते चौहान, नाथ व विजयवर्गीय।

## संभावित तीसरी लहर की आशंका के बीच तैयारी शुरू

# जिला अस्पताल में बनाया गया 22 बिस्तरों का प्री-फेब्रिकेटेड अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए राजधानी के पंडरी स्थित जिला अस्पताल में 22 बिस्तरों का प्री-फेब्रिकेटेड पोर्टेबल अस्पताल तैयार किया गया है। चार आईसीयू और 18 बिस्तर तैयार हैं। इसे इस ढंग से बनाया गया है कि जरूरत पड़ने पर 18 बिस्तरों को भी आईसीयू में बदला जा सके। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि चार कंटेनर में तैयार पूरे अस्पताल को जरूरत पर कहीं भी शिफ्ट किया जा सकता है।

वर्तमान में कोरोना के काफी कम केस आ रहे हैं। ऐसे में इसमें अन्य अन्य बीमारियों के मरीजों को भर्ती करने के लिए खोलने की तैयारी चल रही है। प्रबंधन के मुताबिक अस्पताल में पहले से 18 बिस्तरों का वार्ड कोरोना मरीजों के लिए रखा गया है। परिसर में ही 30 बिस्तरों अलग से तैयार हो रहे अस्पताल में भी कुछ काम बचे हैं। जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। वहीं अस्पताल के दूसरे मंजिल में 20 बिस्तरों का आईसोलेशन सेंटर बनाने की तैयारी है। लेकिन इसके निमार्ण की शुरुआत होने में करीब तीन महीने लगेंगे।

### जरूरत पड़ने पर पोर्टेबल यूनिट को कही भी ले जा सकते हैं



#### अस्पताल में टेबल न होने से अटकी पोस्टमार्टम प्रक्रिया

इधर, जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम शुरू करने की तैयारी है। इसमें भवन से लेकर अन्य तैयारियां हो चुकी हैं। लेकिन पोस्टमार्टम के लिए सर्जिकल टेबल न होने की वजह से अब तक प्रक्रिया की शुरुआत नहीं हुई है। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक सीजीएमएससी से एनओसी के बाद जल्द ही इसका टेंडर निकालेंगे। काम में कम से कम दो महीने और लगने की बात कही जा रही है।

**प्री-फेब्रिकेटेड अस्पताल पर एक नजर**

- 22 बिस्तरों की व्यवस्था
- 4 कंटेनर में तैयार किया गया है अस्पताल
- 6 बिस्तर एक कंटेनर में लगाए गए हैं
- 4 बिस्तर आईसीयू के हैं

**जिला अस्पताल की स्थिति**

- 220 बिस्तरों का अस्पताल है वर्तमान में
- 120 पंडरी परिसर में और 100 बिस्तर कालीबाड़ी में
- 90 की अतिरिक्त सुविधा के बाद होंगे 310 बिस्तर

### इधर, डेंगू के भर्ती मरीजों की जानकारी नहीं देने पर दो अस्पतालों को नोटिस

डेंगू से दो मरीजों की मौत की जानकारी छिपाने के मामले में प्रशासनिक सख्ती शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी के दो अस्पतालों को नोटिस जारी कर 24 घंटों के भीतर जानकारी मांगी है। मरीजों की मौत के बाद हंगामा मचा तो स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू की है। शनिवार को समता कॉलोनी स्थित पेटल्स हॉस्पिटल में चूणामणि वार्ड निवासी महेश पनिका की 13 वर्षीय बेटी भावना की मौत हो गई। वहीं रविवार को अभनपुर विकासखंड के लमकेनी निवासी दीपक दीवान की लालपुर स्थित एमएमआई हॉस्पिटल मौत हुई। परिजनों के मुताबिक दोनों को डेंगू था। अस्पतालों ने इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी थी। जबकि कानूनन इसकी जानकारी देना अनिवार्य था। सोमवार देर शाम यह जानकारी सामने आई तो स्वास्थ्य विभाग पर दबाव बढ़ गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन से इस बारे में बात की तो उन्होंने डेंगू नहीं होने की जानकारी दी।

#### स्वास्थ्य विभाग ने मांगा जवाब

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दोनों अस्पतालों को नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अस्पतालों की ओर से मरीजों के इलाज के दौरान एनएस-1 एजी पॉजिटिव रिपोर्ट की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी गई। साथ ही डेंगू के एलाइजा जांच के लिए सैंपल भी नहीं भेजा गया। सीएमएचओ ने 24 घंटे के भीतर इस मामले में सफाई मांगी है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सीएमएचओ कार्यालय ने जिले के सभी निजी अस्पतालों को पत्र जारी कर मरीजों का सैंपल एलाइजा टेस्ट के लिए टीबी अस्पताल भेजने के निर्देश दिए हैं।

## मध्यप्रदेश के दो युवा नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित

**भोपाल।** केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार कार्यक्रम में रायसेन के शुभम चौहान और जबलपुर के हिमांशु कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया। केन्द्रीय युवा और खेल राज्य मंत्री ऊषा शर्मा और संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थानीय संयोजक डायरड़े ब्वायड मौजूद थी। पुरस्कार में एक पदक, प्रमाण-पत्र और एक लाख रुपए की नकद राशि दी गई। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार वर्ष 2017-18 के लिए कुल 14 पुरस्कार और वर्ष 2018-19 के लिए 8 पुरस्कार दिए गए। जबलपुर के हिमांशु कुमार गुप्ता को वर्ष 2017-18 के लिए समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी परियोजनाओं, दृष्टिबाधित लोगों के लिए पुस्तकों की वाइस रिकार्डिंग और इनसेक्ट प्रोसेसिंग के माध्यम से फूलों की रिसाइकिलिंग पर काम करने में उल्लेखनीय कार्य किया है। गुप्ता को न्यू इंडिया कॉन्क्लेव में ग्राम मित्र सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। रायसेन के शुभम चौहान को वर्ष 2018-19 के लिए समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## मप्र ने अपना ही रिकार्ड तोड़ा

# सोलर पार्क से 2.14 रुपए प्रति यूनिट की दर से मिलेगी बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में सौर ऊर्जा के न्यूनतम टैरिफ में मध्य प्रदेश ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। बुधवार को नीमच सोलर परियोजना के लिए लगाई गई बोली में दो रुपए 14 पैसे प्रति यूनिट का रेट आया है। जबकि इससे पहले देश में सबसे सस्ती बिजली शाजापुर सोलर परियोजना से मिल रही थी। वहां दो रुपए 33 पैसे प्रति यूनिट का रेट मंजूर हुआ था।

### 1750 करोड़ का निजी निवेश होगा

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग ने बताया कि यह परियोजना करीब एक हजार हेक्टेयर भूमि पर 1750 करोड़ के निजी निवेश से स्थापित की जाएगी। इससे मार्च 2023 तक बिजली उत्पादन शुरू होने का लक्ष्य है। परियोजना स्थापना के दौरान करीब 2500 और परियोजना संचालन में करीब पांच सौ लोगों को रोजगार मिलेगा।

**श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय**
(हरियाणा सरकार अधिनियम 25, 2016 के तहत अधिनियमित राज्य विश्वविद्यालय)
SVSU

दिनांक : 12.अगस्त.2021
विज्ञा. सं. एसवीएसयू/2021/स्था./प्रिंसिपल-सीओएनटी/009

विश्वविद्यालय पात्र उम्मीदवारों से सीबीएसई द्वारा अनुमोदित फीडर स्कूल के प्रिंसिपल के पद पर नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट अर्थात www.svsu.ac.in पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर ऑफलाइन आवेदन आंमत्रित करता है। संलग्नकों सहित ऑफलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27.08.2021 (अप. 05.00 बजे) है। नियुक्ति पूर्णःतया अनुबंधात्मक आधार पर होगी (एक वर्ष हेतु अथवा जब तक नियमित प्रिंसिपल कार्यग्रहण नहीं करते)।
निर्धारित शैक्षणिक योग्यताओं, पात्रता मानदंड और चयन मानदंड सहित विस्तृत नियम व शर्तों हेतु कृप्या विश्वविद्यालय वेबसाईट अर्थात www.svsu.ac.in पर पधारें।

पीआरडीएच 2208/11/22/2022/4171/88/7 दि. 12.08.21 रजिस्ट्रार


## हीरो ने भी वीडियो भेजकर कहा- धन्यवाद

# खरगोन जिले के 11 वर्षीय बालक ने बनाया सोनू सूद का स्कैच

*ग्राम नांद्रा निवासी 11 वर्षीय राघव पाटीदार देश की प्रसिद्ध हस्तियों के पेंसिल चित्र बनाने में महारत रखता है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सांसद गजेंद्र पटेल सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधियों के स्कैच बनाए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के ग्राम नांद्रा निवासी 11 वर्षीय राघव पाटीदार देश की प्रसिद्ध हस्तियों के पेंसिल चित्र बनाने में महारत रखते हैं। राघव के पिता नवीन पाटीदार ने बताया कि गत 23 जुलाई को राघव ने फिल्म कलाकार सोनू सूद का पेंसिल से स्कैच बनाया था। 30 जुलाई को सोनू सूद के जन्मदिवस पर उनका पेंसिल स्कैच कूरियर से उनके निवास पर पहुंचाया गया। इस पर बुधवार को वाट्सएप पर सोनू सूद ने वीडियो भेजा, जिसमें वे धन्यवाद बोल रहे हैं।



वीडियो के माध्यम से सोनू सूद ने कहा कि राघव की कला ने मन मोह लिया। मैं इस स्कैच को फ्रेम करवा कर अपने मुख्य कमरे में लगाऊंगा। 11 वर्षीय राघव जैसा प्रशंसक पाकर मन प्रफुल्लित है।

### कई हस्तियों के चित्र बना चुका

पाटीदार ने बताया कि पूर्व में राघव द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सांसद गजेंद्र पटेल सहित कई हस्तियों के चित्र बना चुके हैं। ये चित्र उन्होंने सभी को भिजवाए भी हैं। नरेंद्र मोदी द्वारा राघव के बनाए चित्र को लेकर शुभकामना पत्र भी प्राप्त हुआ है।

## लात-घूंसे मारकर बेहोश किया

# एकतरफा प्यार में सिरफिरे ने छात्रा को बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

एक वीडियो में युवक स्कूली छात्रा को लात, घूंसे से पीटता हुआ दिख रहा है। छात्रा बेहोश होकर गिर पड़ती है। बताया जा रहा है कि युवक ने एक तरफा प्रेम करता है, जब लड़की नहीं मानी तो उसने स्कूल बस से उतरी छात्रा को बेदम होने तक पीटा। मामला करोंधा थाना के कुसमी का है। छात्रा की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। ये वीडियो किसी और ने नहीं, बल्कि आरोपी ने अपने दोस्तों से बनवाया है।



### पहले से खड़ा था बस स्टॉप पर

पुलिस के अनुसार, पीड़िता स्कूल से बस से वापस लौटी थी। तभी जिस जगह पर बस रुकती है, वहां पर आरोपी राहुल अपने दो दोस्तों के साथ पहले से ही खड़ा हुआ था। इसके बाद युवक बस से छात्रा को खींचता हुआ पास में बने यात्री प्रतीक्षालय में ले गया और उसको पीटना लगा। युवक ने छात्रा को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी ने ही उसके भाई को फोन कर मौके पर बुलाया। तब जाकर छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्रा ने ठीक होने के बाद करोंधा थाना में केस दर्ज करा दिया।

## छत्तीसगढ़ को वर्षों बाद मिला वेटलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ वेटलिफ्टिंग का एक उभरता चेहरा रायपुर के सुभाष लहरे ने पटियाला में चल रही जूनियर नेशनल वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जो राज्य के लिए इस चैम्पियनशिप का एकमात्र गोल्ड मेडल है, जो वर्षों बाद हमने जीता हैं, सुभाष ने पुरुषों के 67 किलोग्राम वजन वर्ग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए, स्नैच में 115 किलोग्राम व क्लीन एंड जर्क में 146 किलोग्राम कुल 266 किलोग्राम वजन उठाकर अब तक अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया हैं।

**जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, भिवानी**

**शुद्धिपत्र**

**लिखित परीक्षा/साक्षात्कार स्थगित करने के संबंध में**

सभी संबंधित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि काउंसलर आई डोनेशन, फार्मासिस्ट, लैब टैक्निशियन, अकाउंट असिस्टेंट और काउंसलर अडोलिसैंट हैल्थ के पदों हेतु लिखित परीक्षा/साक्षात्कार जो कि 12.08.2021 को निर्धारित था। प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है और 26.08.2021 को पूर्वा. 09.00 बजे कार्यालय उप. सिविल सर्जन-एनएचएम, कमरा नं. 225, सिविल अस्पताल भिवानी में पुनः निर्धारित किया गया है।
उम्मीदवारों को जानकारी अपडेट करने हेतु नियमित रूप से www.nrhmharyana.gov.in देखने का परामर्श दिया जाता है। (व्यक्तिगत रूप से कोई अतिरिक्त पत्राचार नहीं किया जाएगा)

हस्ता/-
अधिक विवरण हेतु संपर्क करें- कार्यालय सिविल सर्जन, भिवानी फोन नं. 01664-242110
उप. सिविल सर्जन एनएचएम-सह-सचिव (ई) डीएच एवं एफडब्ल्यूएस भिवानी
पीआरडीएच 1058/11/97/2022/4174/88/7, दि. 12.08.21

## अब तक सबसे अधिक प्रथम डोज लगा, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

# वैक्सीन लगाने के मामले में देवास ननि बना अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोरोना संक्रमण से सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रदेश में चलाए जा रहे टीकाकरण महा-अभियान में देवास नगर पालिक निगम ने लक्षित समूह को वैक्सीन का प्रथम डोज लगाकर अनूठी उपलब्धि अर्जित की है। देवास नगरीय क्षेत्र में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को प्रथम डोज शत-प्रतिशत लग चुका है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि पर नगर निगम के पूरे अमले को बधाई दी है। वैक्सीनेशन के लिए जनसंख्या के अनुपात में 2.21 लाख का लक्ष्य प्राप्त हुआ था।


टीकाकरण में देवास के अव्वल आने पर सीएम ने टीमों को बधाई दी।

### 40 स्थानों पर वैक्सीनेशन सेंटर

नगर में 40 स्थानों पर वैक्सीनेशन सेंटर निर्मित किए गए, जहां स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य रूप से नगर निगम एवं महिला-बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा वार्ड में नागरिकों को अभिप्रेरित (मोटिवेट) किया गया। मीडिया कार्यशाला कर वैक्सीनेशन का प्रचार-प्रसार किया गया एवं आम जनता में टीकाकरण के प्रति विश्वास पैदा किया गया।

### जिला प्रशासन ने किया था शासकीय व अशासकीय दलों का गठन

जिला प्रशासन ने इसे प्राप्त करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय दलों का गठन किया। परिणाम स्वरूप नगरीय क्षेत्र में 10 से 44 आयु वर्ग के एक लाख 34 हजार 304 तथा 45+ आयु वर्ग के 79 हजार 297 इस प्रकार कुल 2 लाख 21 हजार 328 लोगों को प्रथम डोज तथा 52 हजार 475 व्यक्तियों को द्वितीय डोज लग चुका है। प्रथम एवं द्वितीय डोज मिलाकर कुल 2 लाख 73 हजार 803 व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा चुका है। देवास नगर निगम क्षेत्र के समस्त 45 वार्डों में वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों को पूर्ण रूप से अपने क्षेत्रों में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। 45 वार्डों में 18 से 45 आयु के तथा 45+ आयु के नागरिकों का डोर टू डोर सर्वे कर टीकाकरण के प्रति लोगों की भ्रांतियों को दूर कर उन्हें वैक्सीनेशन के लिए मोटिवेट किया गया।

### धर्मगुरुओं ने टीका लगाने किया प्रोत्साहित

*नगर में सभी प्रमुख समाजों ने अपनी धर्मशालाओं में समाजजनों को एकत्रित कर उन्हें समाज प्रमुखों एवं धर्मगुरुओं की ओर से टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही प्रशासन की ओर से उन्हीं स्थानों पर टीकाकरण केन्द्र स्थापित कर स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से टीकाकरण किया गया। देवास नगर में सामूहिक प्रयासों से 2.21 लाख के लक्ष्य को प्रदेश में सर्वप्रथम प्राप्त किया गया। इस कार्य में लगभग 1000 लोगों की टीम ने मिलकर कार्य किया व सफलता प्राप्त की।*

**किमिया बायोसाइंसेज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : गांव भौंडसी, तहसील सोहना, जिला गुड़गांव, हरियाणा-122102
CIN- L24239HR1993PLC032120
E-mail: compliance.kimia@gmail.com Website: www.kimiabiosciences.com, Ph. 9654746544, 9654206544

**30 जून 2021 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2021 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2021 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2020 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2021 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 3086.91 | 3601.33 | 2485.03 | 13271.38 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व#) | 43.90 | (121.43) | 197.53 | 553.44 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद#) | 43.90 | (121.43) | 197.53 | 553.44 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद#) | 31.78 | (90.62) | 197.53 | 510.44 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 31.78 | (90.62) | 197.53 | 506.45 |
| 6. | इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- के) | 473.13 | 473.13 | 473.13 | 473.13 |
| 7. | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 1370.52 |
| 8. | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक : | 0.07 | (0.19) | 0.43 | 1.08 |
| | डायल्युटेड : | 0.07 | (0.19) | 0.43 | 1.08 |

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड और कम्पनी की वेबसाइट (www.kimiabiosciences.com) पर उपलब्ध है।
उपरोक्त परिणाम की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई, और बृहस्पतिवार 12 अगस्त 2021 को आयोजित इनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा इसकी सीमित समीक्षा कर ली गई है।

कृते किमिया बायोसाइंसेज लिमिटेड
हस्ता/-
समीर गोयल
(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00161786

गुरुग्राम
12.08.2021

